तापमान

अधिकतम 36 .2 डिग्री

न्यूनतम 20 .8 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 21 अगस्त , 2025

12 ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली कर्मियों ने दिया ज्ञापन



12 एलडीसी सस्पेंड करने के विरोध में कर्मियों का प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### फायरिंग करने के तीन आरोपी गिरफ्तार किए

**पानीपत।** पानीपत के गांव रिसपुर गांव के खेतों में जमीनी विवाद में 16 जून को किसान व पुलिस पर फायरिंग करने की वारदात में शामिल फरार चल रहे और तीन आरोपियों सोनीपत के झझार गांव निवासी आसिफ, रिजवान व शाबिर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त डंडे बरामद करने व फरार आरोपियों के ठीकानों को पता लगा काबू करने का प्रयास करेगी। इस मामले में थाना सनौली में रिसालू गांव निवासी नरेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज है।

### नकली सामान बेचने के आरोप में दुकानदार काबू

**अंबाला।** अंबाला शहर की मोटर मार्केट में बॉश व सूक्स टीवीएस कंपनी का नकली सामान बेचने के आरोप में एक दुकानदार काबू किया गया है। रविंद्र सिंह ने बताया कि वह कैट इनवेस्टिगेशन ब्यूरो कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत है। उसे सूक्स टीवीएस व बॉश कंपनी की तरफ से नियुक्त किया गया है। सूचना मिली थी कि मोटर मार्केट में गुरविंद्र सिंह कंपनी का नकली सामान बेच रहा था। दुकान पर जाकर दबिश दी तो देखा कि कंपनी के नकली इंडीकेटर सहित अन्य सामान बरामद हुआ। पुलिस ने बीएनएस की तहत कॉपी राइट एक्ट के तहत दुकानदार पर मामला दर्ज कर उसे काबू कर लिया।

### जेल लोक अदालत में चार बंदी रिहा किए

**अंबाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम प्रवीन ने बताया कि केंद्रीय कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया । इस जेल लोक अदालत में 8 मुकदमें रखे गए थे। इनमें नियमानुसार 5 मुकदमों का निपटारा कर 4 बंदियों को निर्धारित शर्तों पर रिहा किया गया। इस अवसर पर सीजेएम ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं सेशन जज कंचन माही के मार्गदर्शन में प्रतिमाह जेल लोक अदालत का आयोजन पहले व तीसरे बुधवार को किया जाता है।

### जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष पर केस दर्ज

**पानीपत।** जिला परिषद की पूर्व चेयरपर्सन काजल देशवाल पर फर्जी जाति प्रमाणपत्र बनवाकर चुनाव लड़ने के आरोप में थाना सिटी पुलिस ने केस दर्ज किया है। भाजपा नेता प्रदीप कुमार शर्मा ने सीएम को शिकायत भेजी थी कि काजल देशवाल ने पिछड़ा वर्ग (बीसी-ए) का फर्जी सर्टिफिकेट बनवाकर पानीपत जिला परिषद के वार्ड तेरह से चुनाव जीता। जब उनकी जाति प्रमाणपत्र की जांच शुरू हुई तो भाजपा में शामिल हो गई थी। इधर, जांच में जाति सर्टिफिकेट फर्जी साबित हुआ और उन्हें जून में पद से हटा दिया गया।

## एसडीएम अभिनव सिवाच ने मारकंडा नदी के जलभराव से प्रभावित गांवों का किया निरीक्षण

# गांव नैंसी में नदी का तटबंध टूटा, फसलें जलमग्न

### प्रशासन प्रभावित क्षेत्रों की 24 घंटे कर रहा निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत

- जलस्तर बढ़ने से ग्रामीणों की धड़कनें बढ़ी
- जलस्तर बढ़कर हुआ 41 हजार क्यूसिक





कुरुक्षेत्र। ग्रामीणों से बातचीत करते एसडीएम अभिनव सिवाच तथा मारकंडा नदी के टूटे बांध को बंद करने का प्रयास करते ग्रामीण व प्रशासन।

पहाड़ी क्षेत्र में हो रही बारिश के कारण मारकंडा का जलस्तर बढ़ने से पिहोवा के गांव प्रभावित हुए है। गांव नैंसी में मारकंडा नदी का तटबंध टूट गया जिस कारण खेतों में खड़ी हजारों एकड़ फसल जलमग्न हो गई। इन प्रभावित क्षेत्रों पर प्रशासन की तरफ से 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है।

पानी से सम्बन्धित पल-पल की सूचनाएं लोगों तक पहुंचाई जा रही है। इस क्षेत्र के लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है, प्रशासन हमेशा तत्पर है। एसडीएम अभिनव सिवाच ने उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के आदेशानुसार बुधवार को गांव ठसका मीराजी सहित बरसात से प्रभावित गांव और अन्य क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान अभिनव सिवाच ने ठसका मीराजी सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों के नागरिकों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। एसडीएम ने लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि बरसाती पानी से प्रभावित क्षेत्रों पर सिंचाई विभाग, पंचायत विभाग के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित विभाग की तरफ से लगातार निगरानी रखी जा रही है और इन क्षेत्रों पर निगरानी रखने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की रोस्टर अनुसार ड्यूटियां भी लगाई गई है। मारकंडा और आस-पास के प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। लोगों की हर संभव मदद प्रशासन की तरफ से की जा रही है। इन क्षेत्रों में फसल को बचाने के लिए पानी की निकासी के लिए भी सिंचाई विभाग की तरफ से हर संभव प्रयास किए जा रहे है। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में सिंचाई विभाग की तरफ से संसाधन उपलब्ध करवाए जा रहे है। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मारकंडा में जलस्तर के बारे में पल-पल की जानकारी प्रशासन को उपलब्ध करवाई जाए और लोगों को भी जागरूक किया जाए ताकि किसी प्रकार की अफवाह ना फैले।

### किसानों को मुआवजा मिले : खैहरा

युवा जेजेपी नेता डॉ. जसविंदर खैहरा बुधवार को गांव नैसी में किसानों के बीच पहुंचे, जहां मारकंडा नदी के टूटन ने तबाही मचा दी है। खेतों में जहाँ हरी-भरी फसलें लहलहानी चाहिए थीं, वहाँ अब सिर्फ़ पानी और बबार्दी का मंजर दिखाई दे रहा है। गाँव नैसी, पिहोवा में मारकंडा नदी के टूटन ने किसानों की मेहनत और सपनों को बहा दिया। इस घड़ी में प्रशासन कहीं नजर नहीं आ रहा। किसानों के आँसू पोंछना और उनकी आवाज बनना हम सबका फर्ज़ है। खैहरा ने प्रशासन से माँग की कि तुरंत विशेष गिरदावरी करवाई जाए। प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा और राहत दी जाए।



मुलाना। मारकंडा नदी में जलस्तर का दृश्य।

### बादल फटने से मारकंडा नदी में उफान

**मुलाना।** पहाड़ों में बादल फटने के असर से क्षेत्र से गुजरने वाली मारकंडा नदी देर रात उफान पर आ गई। देर रात करीब 11 बजे नदी का जलस्तर तेजी से बढ़कर 8.8 फीट करीब 41 हजार क्यूसिक तक जा पहुंचा। ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार रात पानी की रफ्तार और बहाव दोनों एकदम बढ़ गए। कुछ ही घंटों में जलस्तर कई फीट ऊपर चला गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि जलस्तर जितनी तेजी से बढ़ा, उतनी ही तेजी से घटने भी लगा। बुधवार सुबह साढ़े 9 बजे तक नदी का जलस्तर घटकर 6 फीट करीब 20,500 क्यूसिक पर दर्ज किया गया। दिनभर जलस्तर में गिरावट जारी रही और शाम करीब साढ़े 5 बजे नदी का स्तर 5.4 फीट लगभग 17,900 क्यूसिक पर आ गया। मारकंडा नदी के जलस्तर सीधे तौर पर शाहबाद क्षेत्र को प्रभावित करता है। यहां के पानी के उतार-चढ़ाव से शाहाबाद की निचली सतहों में पानी भरने का खतरा बढ़ जाता है। संबंधित विभाग ने स्थिति पर पूरी तरह नजर बनाए रखी। सूत्रों के अनुसार रात को ही नदी की बढ़ती रफ्तार को देखते हुए प्रशासन ने अलर्ट मोड अपना लिया था। ग्रामीणों को नदी किनारे न जाने की हिदायत दी गई। गौरतलब है कि हर साल बरसात के मौसम में पहाड़ों से अचानक आई तेज बारिश और बादल फटने की घटनाओं के चलते मारकंडा नदी उफान पर आ जाती है।

# बैंक खाते में 43.57 लाख रुपये का संदिग्ध लेनदेन

- आरोपी बैंक खाताधारक के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

साइबर क्राइम थाना पुलिस को जगाधरी की गांधीनगर कॉलोनी निवासी विजय पाल के बैंक खाते में 43 लाख 57 हजार 276 रुपये का संदिग्ध लेनदेन मिला है। आरोप है कि इस बैंक खाते को साइबर अपराध के लेनदेन में दुरूपयोग किया गया है।

पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।साइबर क्राइम के स्टेट नोडल अधिकारी एएसआई अंकुश ने बताया कि पुलिस साइबर अपराधों की जांच कर रही है। जांच के दौरान सामने आया कि जगाधरी की गांधीनगर कॉलोनी निवासी विजय पाल के बैंक खाते में करीब 43 लाख 57 हजार 276 रुपये का संदिग्ध लेनदेन हुआ मिला है। अंदेशा है कि इस बैंक खाते को साइबर अपराध के दौरान पैसों के लेनदेन में दुरूपयोग किया गया है। इस पर यमुनानगर के साइबर थाने में विजय पाल पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### गांव नैन में युवक की चाकू मार कर हत्या

**इसराना (पानीपत)।** पानीपत के गांव नैन में पुरानी रंजिश के चलते 22 वर्षीय सोनू उर्फ मोनू की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। सोनू मूल रूप से कैथल जिला का निवासी था और गांव नैन में अपने मामा के घर रह रहा था।

मतलौडा थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि जांच-पड़ताल में सामने आया है कि मृतक सोनू उर्फ मोनू शराब के ठेके पर काम करता था। 19 अगस्त की रात को सोनू का गांव परढ़ाना रोड पर गांव नैन निवासी मोहित, आशीष, अश्वनी व परढाना गांव निवासी सगे भाइयों जोनी और रोहित के साथ झगडा हुआ था। हमलावरों ने सोनू पर चाकू से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी।

# सेवानिवृत फौजी को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 5 लाख

- पहले मनी लॉन्ड्रिंग का केस बनाने, फिर फौजी बेटे के कोर्ट मार्शल होने का दिखाया डर
- पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

साइबर ठगों ने थाना साढौरा क्षेत्र के गांव नौशहरा निवासी सेवानिवृत्त फौजी कर्म सिंह को डिजिटल अरेस्ट कर पांच लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने खुद को मुंबई से सीबीआई अधिकारी बताया।

पहले आरोपियों ने सेवानिवृत्त फौजी पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस बनाने और बाद में फौज में तैनात उनके बेटे का कोर्ट मार्शल होने का भय दिखाकर ठगी को अंजाम दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव नौशहरा निवासी कर्म सिंह ने पुलिस को बताया कि वह फौज से सेवानिवृत्त है। उनके पास 19 जुलाई को एक लड़की की व्हाट्सएप कॉल आई। लड़की ने खुद को टेलीकॉम डिपार्टमेंट से बताया और कहा कि मुंबई में आपके ऊपर मामला दर्ज हो रहा है। इस बारे लड़की ने एक नंबर दिया और कहा कि यह मुंबई के अधिकारी का है। उस नंबर पर कॉल करने पर सामने से बोल रहे शख्स ने खुद को सीबीआई का अधिकारी बताया। आरोपी ने कहा कि उनका नाम एक मनी लॉनड्रिंग मामले में है। इसकी जांच के लिए उन्हें डिजिटल अरेस्ट किया जा रहा है। पहले उसे घर के एक कमरे में बंद रहने के लिए कहा गया। फिर बताया कि हर दो घंटे बाद वह क्या कर रहा है। यह बताना होगा। इस तरह वह 19 से 29 जुलाई तक डिजिटल अरेस्ट हो गया। वह आरोपियों को हर दो घंटे बाद व्हाट्सएप पर कॉल व मैसेज भेजकर उन्हें अपने बारे में बताता रहा। इस बीच आरोपियों ने उससे घर, परिवार, जमीन और संपत्ति की पूरी जानकारी हासिल कर ली। आरोपियों ने फौज में तैनात उसके बेटे को कोर्ट मार्शल होने का भी डर दिखाया। आरोपियों ने उसे इन सब केसों से बचने के लिए पांच लाख रुपये मांगे। उसने 22 जुलाई को बैंक जाकर आरोपियों द्वारा बताए गए बैंक खाते में आरटीजीएस कराए। उसने इस बारे में अपने साथी को पूरा मामला बताया।

### फोन किया तो बंद मिला

बाद में पीड़ित को पता चला कि उसे डिजिटल अरेस्ट किया गया। जब उसने आरोपियों के नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया तो वह बंद मिले। उसने आरोपियों के खिलाफ साइबर क्राइम थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साठबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# सड़क किनारे झाड़ियों में मिला लड़की का शव

- मृतका के सिर और गर्दन पर चोट के निशान पाए गए
- लड़की का अपने भाई के साथ झगड़ा होने की बात सामने आई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंद्री



इंद्री। गांव उमरपुर के पास घटनास्थल पर जांच करने पहुंची पुलिस ।

इंद्री से गढ़ी बीरबल रोड पर गांव उमरपुर के पास सड़क किनारे झाड़ियों में सुबह के समय करीब 17 वर्षीय लड़की का शव मिलने से सनसनी फैल गई ।

लड़की के सिर व गर्दन पर चोट के निशान थे । आसपास के लोगों ने जैसे ही शव पड़ा देखा तो घटना की सूचना तुरंत डायल 112 को दी। जिसके बाद डीएसपी राजीव कुमार, डीएसपी महावीर व इंद्री पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची । मौके पर एफएसएल की टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। करनाल के एसपी गंगाराम पूनिया व सीआईए की टीमों ने भी घटनास्थल का मौका मुआयना किया। जांच के दौरान लड़की की जेब से एक पर्ची मिली जिस पर दो मोबाइल नंबर लिखे हुए थे जिनके आधार पर लडकी की पहचान यूपी के कैराना क्षेत्र की रहने वाली के रूप में हुई।

पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। करनाल के एसपी गंगाराम पूनिया ने बताया कि मृतक लड़की की पहचान हो गई है। वह उत्तर प्रदेश के कैराना क्षेत्र की रहने वाली है ।

### जेब से पर्ची मिली

पुलिस को घटनास्थल पर मृतक युवती की जेब से एक पर्ची मिली थी जिस पर दो मोबाइल नंबर लिखे थे इन नंबरों को ट्रेस करने के बाद पता चला कि लडकी कैराना क्षेत्र की रहने वाली है। लडकी के माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है और वह अपनी बहन के घर रह रही थी । जांच में सामने आया है कि लड़की का अपने भाई के साथ झगड़ा हुआ था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का सही पता चल पाएगा।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कठोर कारावास

- दोषी को 45 हजार रुपये जुर्माने की भी सजा सुनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने नाबालिग को घर से भगाने व दुष्कर्म करने के आरोपी वीरेंद्र उर्फ भीरु वासी जिला बरेली यूपी को 20 साल कठोर कारावास व 45 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है।

थाना सदर एरिया वासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसका परिवार पास के एक गांव में ईंट भट्टा पर काम करता है। उसी भट्टा पर जिला बरेली यूपी वासी वीरेंद्र उर्फ भीरु भी काम करता है। 29 अगस्त को उसकी नाबालिग लड़की उम्र 15 साल घर से घायब है। उसे शक है कि उनके साथ भट्टा पर काम करने वाला वीरेंद्र उर्फ भीरु ही उसकी लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है।


पुलिस ने गुमशुदा लड़की को बरामद कर मैडिकल करवाया गया। आरोपी को गिरफ्तार करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश ने गवाहों व सबूतों के आधार पर दोषी वीरेंद्र उर्फ भीरु को पोक्सो एक्ट की धारा 4(2)के तहत 20 साल कठोर कारावास व 30 हजार रुपये जुमार्ने की सजा तथा जुमार्ना न भरने की सूरत में 6 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा, आईपीसी की धारा 363 के तहत 5 साल कठोर कारावास व 5 हजार रुपये जुमार्ने की सजा तथा जुमार्ना न भरने की सूरत में 3 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा,धारा 365 के तहत 5 साल कठोर कारावास व 5 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई।

## कृषि मंत्री ने करीब आधा दर्जन गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में लिया भाग

# सभी महापुरुषों को सम्मान देने का किया काम : राणा

- 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती समारोह में भाग लेने के लिए किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर



**यमुनानगर :** रादौर क्षेत्र के गांव दूधला में ग्रामीणों को संबोधित करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। ***फोटो : हरिभूमि***

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भाजपा ने हमेशा ही महापुरुषों को सम्मान देने का कार्य किया है। इसी क्रम में 25 सितंबर को रादौर की अनाज मंडी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा।

समारोह में हजारों की संख्या में लोग पहुंचेंगे। उन्होंने उक्त बात नाचरौन व दूधला समेत रादौर क्षेत्र के करीब आधा दर्जन गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में लोगो को संबोधित करते हुए कहे। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि जब तक हमें अपने महापुरुषों के इतिहास के बारे में सही ज्ञान नहीं होगा। तब तक हमारे जीवन का उद्धार होना भी असंभव है। हमें अपने महापुरुषों के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। हमें उनका जीवन एकता एवं भाईचारे की भावना से रहने के लिए प्रेरित करता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक गंभीर दार्शनिक एवं गहन चिंतक होने के साथ साथ एक ऐसे समर्पित नेता थे। जिन्होंने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत शुचिता एवं गरिमा के उच्चतम आयाम स्थापित किए। वे हमेशा वैचारिक मार्गदर्शक और नैतिक प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं और इनका राजनीतिक दर्शन मानव मात्र की आवश्यकताओं के अनुरूप और शासकीय कौशल का मार्ग प्रशस्त करने वाला जीवन रहा है। इनकी सोच हमेशा अनेकता में एकता और विभिन्न रूपों में एकता की अभिव्यक्ति भारतीय संस्कृति की रही है। उन्होंने कहा कि उनका भी हमेशा यही ध्येय रहा है कि हर जरूरतमंदों की अधिक से अधिक सहायता की जाए और अधिक से अधिक विकास कार्य करवाए जाएं।

### पात्र व्यक्ति को मिले योजनाओं का लाभ

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने गांव दूधला में आयोजित कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश के हर वर्ग का कल्याण हो और हर पात्र व्यक्ति को सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ मिलें। केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है और वे सरकार की नीतियों को लेकर जनता के बीच पहुंचे हैं। भाजपा में हर कार्यकर्ता को बराबर मान सम्मान दिया जाता है। मौके पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा की कार्यशैली से प्रभावित होकर गांव दुधला में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के इरफान अली, हाशिम अली, आरिफ अली, नसीम, शराफत अली, बिलाल, इमरान, शहजाद अली, तौफिक, साकिब अली व खुर्शीद समेत दर्जनों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कृषि मंत्री ने सभी को फूलमाला पहनाकर भाजपा परिवार में उनका स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी ही ऐसी पार्टी है जिसमें छोटे कार्यकर्ता से लेकर बड़े पदाधिकारी तक बराबर मान सम्मान मिलता है।

# अंबाला में आवारा कुत्तों के लिए बनेगा शेल्टर होम

- निरंतर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं कुत्ते, 109 लोगों पर हो चुका है हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

मेयर शैलजा सचदेवा ने अधिकारियों को अवारा कुत्तों के लिए शेल्टर होम स्थापित करने के आदेश दिए हैं। इस सिलसिले में निगम कमिश्नर को एक लेटर भी भेजा गया है।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मेयर ने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आवारा कुत्तों के लिए जगह बनाई जाए। मेयर ने बताया कि सबसे पहले उन कुत्तों को पकड़ा जाएगा जो लोगों को काट रहे हैं या जिनसे रेबीज फैल रहा है। यह काम पहले चरण में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहली बार ऐसा शेल्टर होम बनने जा रहा है। कुत्तों की वजह से लोगों, खासकर बच्चों को काफी परेशानी होती है। सोमवार को भी अंबाला शहर के तहसील परिसर में एक 4 साल की मासूम बच्ची के हाथ को कुत्ते ने काट लिया था। इस शेल्टर होम में डॉग्स लवर्स भी देखभाल कर सकेंगे। साथ ही उनकी फीडिंग का भी ख्याल रख सकेंगे। इसके लिए सामाजिक संस्थाओं से भी राय ली जाएगी। उनको भी शेल्टर होम में योगदान देने के लिए कहा जाएगा। गौरतलब है कि कुत्तों के काटने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। जुलाई में 109 लोगों को कुत्तों ने शिकार बनाया। इसमें न केवल जवान बल्कि महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहे। कुत्ते लोगों को गली और बाजार से जाते हुए काट रहे हैं। नागरिक अस्पताल की ओपीडी में रोजाना 10 से 12 मामले कुत्तों के काटने के आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### अधेड़ व्यक्ति पर किया रॉड और डंडों से हमला

**यमुनानगर।** कस्बा छछरौली में दो सगे भाइयों ने एक अधेड़ व्यक्ति की रॉड व डंडों से पिटाई कर दी। पुलिस ने दोनों भाईयों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव बलाचौर निवासी सुच्चा सिंह ने थाना छछरौली पुलिस को शिकायत में बताया कि वह 28 मई को किसी काम से छछरौली गया था। वहां उसे रविंद्र सिंह व लवली सिंह मिले। ये दोनों सगे भाई हैं। दोनों उनके साथ किसी बात को लेकर झगड़ा करने लगे। इसी दौरान उन्होंने उनके ऊपर रॉड व डंडो से हमला कर दिया। इसमें वह घायल हो गया। शोर सुनकर जब आसपास लोग इकट्ठे होने लगे तो हमलावर मौके से भाग गए।

### युवक को देसी कट्टा और जिंदा राउंड के साथ पकड़ा

**यमुनानगर।** जिले की अपराध अन्वेषण शाखा वन की टीम ने योग आश्रम गांव नौगावां के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देसी कट्टा व जिंदा राउंड बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अपराध अन्वेषण शाखा की टीम में तैनात सिपाही संदीप कुमार ने बताया कि वह देर शाम टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि योग आश्रम गांव नौगावां के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है।

### हेल्थ क्लीनिक से चुराया लाखों रुपये का सामान

**यमुनानगर।** चोरों ने शहर के कन्हैया साहिब चौक के पास आदर्श नगर स्थित हेल्थ क्लीनिक से लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांधीनगर पुलिस को दी शिकायत में विष्णुनगर निवासी अल्का वर्मा ने बताया कि उनका कन्हैया साहिब चौक समीप आदर्श नगर में एनलाइटमेंट फाउंडेशन नाम से हेल्थ क्लीनिक है। 17 अगस्त की शाम क्लीनिक बंद कर घर लौट गए थे। 18 अगस्त को क्लीनिक पहुंचने पर पाया कि वहां पर सामान बिखरा पड़ा है।

### सूने मकान से 90 हजार का सामान चोरी

**यमुनानगर।** गांव पहाड़ीपुर निवासी कर्णदीप सिंह ने साढौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह किसान है। नदी पार इलाके में उनके खेत लगते हैं। खेतों के बीच में ही एक मकान है। जहां पर सरिया व अन्य सामान पड़ा है। चोरों ने 17 अगस्त की रात को वहां से सामान चोरी कर लिया। जिसकी कीमत करीब 90 हजार रुपये है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सरपंच को जाति सूचक शब्द बोलने का आरोप

**यमुनानगर।** गांव बसंतपुरा के सरपंच ने गांव के स्कूल के अध्यापक पर व्हाट्सएप पर गलत मैसेज भेजकर जाति सूचक शब्द बोलने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सरपंच शिव कुमार ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उनके गांव के राजकीय स्कूल में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह हुआ था। समारोह में उसे भी आमंत्रित किया गया था।

### नशा विरोधी पोस्टर और स्लोगन स्पर्धा आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम महाविद्यालय में पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता करवा कर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। नोडल अधिकारी डॉ. दिलबाग सिंह ने महाविद्यालय में नशे के विरुद्ध चल रही गतिविधियों से विद्यार्थियों को अवगत करवाया उन्होंने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग, पंचकूला, हरियाणा के दिशा-निर्देश अनुसार महाविद्यालय में ऐसी गतिविधियां करवाई जाए जिससे विद्यार्थी नशे से दूर रहे। इसी उपलक्ष में महाविद्यालय में पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अंकुश बीए प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान, हर्ष धमीजा द्वितीय स्थान, विक्रम ने तृतीय स्थान हासिल किया है।

---

### अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्यों ने स्मार्ट मीटर तोड़कर जताया रोष

# स्मार्ट मीटर के विरोध में अधीक्षण अभियंता के कार्यालय के समक्ष जमकर प्रदर्शन

- सभा के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के नाम अधीक्षण अभियंता कार्यालय मे मौजूद कार्यकारी अभियंता को सौंपा ज्ञापन
- किसानों और गरीबों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराई जाए। स्मार्ट मीटर जबरदस्ती लगाए गए हैं उन्हें तुरंत हटाया जाए





**यमुनानगर।** बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता के कार्यालय में रोष जुलूस निकालकर जाते हुए व कार्यालय में स्मार्ट मीटर तोड़कर विरोध जताते अखिल भारतीय किसान सभा से जुड़े किसान। फोटो : हरिभूमि

**ये मौजूद रहे**

मौके पर सभा के राज्य प्रधान गुरभजन सिंह, दिलबाग सिंह,विपिन बरार,सरदार रविंदर सिंह, सरदार रेशम सिंह, सरदार गुरमिंदर सिंह कपूरी कलां, अमन कुमार गलौली, रमेश कुमार, फूल सिंह खारवन, अशोक कुमार ससौली, सुरेश कुमार, समता,आशा व नीलम आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अखिल भारतीय किसान सभा (अजय भवन) यमुनानगर के सदस्यों ने स्मार्ट मीटर के विरोध में बुधवार को उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता के कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार व बिजली निगम के खिलाफ नारेबाजी की और स्मार्ट मीटर तोड़कर गुस्सा जताया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम अधीक्षण अभियंता के कार्यालय में मौके पर मौजूद कार्यकारी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर स्मार्ट मीटर लगाए जाने के निर्णय को रद किए जाने की मांग की।

बुधवार को अखिल भारतीय किसान सभा (अजय भवन) यमुनानगर के सैकड़ों सदस्य जिला अध्यक्ष विजय पाल के नेतृत्व में शहर के कन्हैया साहिब चौक के पास एकत्र हो गए। इसके बाद सभा के सदस्य रोष प्रदर्शन करते हुए यमुनानगर के अधीक्षण अभियंता के कार्यालय के समक्ष पहुंचे और प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शनकारियों ने काफी देर तक प्रदर्शन किया और सरकार व बिजली निगम के खिलाफ नारेबाजी। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने अधीक्षण अभियंता के कार्यालय में मौजूद निगम के कार्यकारी अभियंता को सौंपे ज्ञापन में कहा कि सरकार स्मार्ट मीटर योजना को तुरंत प्रभाव से रद्द करे। वहीं, एग्रीकल्चर पावर कनेक्शन का मुफ्त स्थानांतरण दायरा ट्यूबवेल खराब होने की स्थिति में 70 मीटर से बढ़ाकर 100 मीटर किया जाए। ट्रांसफार्मर बदलने पर खर्च वारंटी में लिए जा रहे 20 प्रतिशत व वारंटी के बाद 10 प्रतिशत खर्च को पूरी तरह समाप्त किया जाए।

वहीं, प्राकृतिक आपदा अथवा किसी भी प्रकार की दुर्घटना से होने वाले नुकसान का पूर्ण उत्तरदायित्व कंपनी का होना चाहिए। सभा के सदस्यों ने ज्ञापन में कहा है कि हरियाणा सरकार द्वारा गत 12 जून को शुरू की गई बिजली बिल अधिभार माफी योजना का कट ऑफ अवधि (डिफाल्टर हेतु) 31 अगस्त 2025 से बढ़ाकर 31 मार्च 2026 की जाए। पुरानी देनदारियां पूरी तरह माफ की जाएं, छोटे व मंझौले उद्योगों को सस्ती और उचित दर पर बिजली उपलब्ध कराई जाए। ताकि उनका विकास संभव हो सके। किसानों और गरीबों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराई जाए। जहां पर स्मार्ट मीटर जबरदस्ती लगाए गए हैं उन्हें तुरंत हटाया जाए। वहीं, बिजली बिल में चार्जेज के नाम पर लूट खत्म की जाए समेत उनकी अन्य सभी मांगे जल्द पूरी की जाएं।

---




**यमुनानगर।** कांबोज धर्मशाला रादौर में अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते पूर्व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ की रादौर में बैठक

## रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने की एलटीसी की राशि जारी करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा की ओर से बुधवार को रादौर की कांबोज धर्मशाला में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान रमेश कुमार ने की। बैठक में ब्लॉक सचिव यशपाल ने बताया कि हरियाणा सरकार पैंशनर्स की लंबित मांगों की अनदेखी कर रही है । वर्ष 2023 से 2026 के सत्र की एलटीसी की राशि जारी नहीं की गई है। संगठन सरकार से मांग करता है कि एलटीसी की राशि सभी पैंनशनर्स के लिए शीघ्र जारी की जाए। संगठन के नेता प्यारे लाल तंवर ने कहा कि हरियाणा सरकार को कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के लिए अलग से वेतन आयोग गठित करना चाहिए। केंद्र की कोर्पोरेट परस्त सरकार ने वित्त विधेयक के माध्यम से पेंशनर्स को आठवे वेतन आयोग के लाभ से वंचित रखा है। इससे पेंशन भोगियों में भारी रोष है। ब्लॉक प्रधान रमेश कुमार ने कहा कि सरकार की पैंशनर्स विरोधी नीतियों से रिटायर्ड कर्मचारियों मे भारी रोष है। रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर्स फेडरेशन के साथ मिलकर 17 सितंबर 2025 को जंतर-मंतर दिल्ली में प्रदर्शन करेगा। मौके पर अमरनाथ सैनी, राम चंद्र, कुसुम पाल, महिपाल, जीत राम, ज्ञान चंद, कुलदीप शर्मा, बीर सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

---

### होली मदर पब्लिक स्कूल की छात्रा रिद्धिमा सिंह छाई

## खंडस्तरीय साइंस सेमिनार में उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर पाया प्रथम स्थान

- राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सब्जी मंडी यमुनानगर में आयोजित किया खंडस्तरीय साइंस सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। होली मदर पब्लिक स्कूल में ट्राफी लेकर पहुंची छात्रा रिद्धिमा का सम्मान करते हुए प्रधानाचार्या व अन्य। फोटो : हरिभूमि

होली मदर पब्लिक स्कूल कांसापुर(यमुनानगर) की छात्रा रिद्धिमा ने शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सब्जी मंडी में आयोजित साइंस सेमिनार में उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्रा रिद्धिमा के खंडस्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उन्हें ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। छात्रा रिद्धिमा के ट्राफी लेकर बुधवार को होली मदर पब्लिक स्कूल में पहुंचने पर प्रधानाचार्या मोनिका व स्टाफ सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका ने बताया कि गत दिवस शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सब्जी मंडी यमुनानगर में खंडस्तरीय साइंस सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें उनके स्कूल की नौवीं कक्षा की छात्रा रिद्धिमा समेत अन्य विद्यार्थियों ने भाग लेकर वैज्ञानिक समझ एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल की छात्रा रिद्धिमा ने साइंस सेमिनार में अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान हासिल किया और ट्राफी पर कब्जा जमाया है। रिद्धिमा ने अपने प्रोजेक्ट में क्वांटम तकनीक के उपयोग और इसके भविष्य पर विस्तृत जानकारी दी। जिसे सभी ने सराहा। लिखित परीक्षा में भी रिद्धिमा ने पूरे अंक प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि सांइस सेमिनार के आयोजन करने का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों को नवीनतम वैज्ञानिक आविष्कारों, तकनीकी प्रगति तथा भविष्य की संभावनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। प्रधानाचार्या मोनिका व स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन घनश्याम शर्मा ने छात्रा रिद्धिमा की इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। विश्वास व्यक्त किया कि छात्रा रिद्धिमा आगे होने वाले जिलास्तरीय विज्ञान सेमिनार में भी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी।

---

### प्रदर्शनकारियों ने सरकार व नगर निगम के खिलाफ की नारेबाजी

## नगर पालिका कर्मचारी संघ के सदस्यों ने मांगों को लेकर निगम कार्यालय जगाधरी के समक्ष किया प्रदर्शन

- प्रधान मुकेश कुमार ने कहा कि नपा कर्मचारी संघ लंबे अर्से से अपनी मांगों को पूरा करवाए जाने को लेकर संघर्ष कर रहा




**यमुनानगर।** जगाधरी के नगर निगम कार्यालय के समक्ष गेट मीटिंग के दौरान प्रदर्शन करते हुए नगरपालिका कर्मचारी संघ के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा( संबंधित सर्व कर्मचारी संघ) के सदस्यों ने बुधवार को अपनी मांगो को लेकर नगर निगम जगाधरी कार्यालय के समक्ष गेट मीटिंग की और प्रदर्शन कर रोष जताया। मौके पर प्रदर्शनकारियों ने सरकार व नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने उनकी मांगे जल्द पूरी नहीं किए जाने पर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी।

बुधवार सुबह नगर पालिका कर्मचारी संघ से जुड़े नगर निगम जगाधरी जोन के सैकड़ों कर्मचारी प्रधान मुकेश कुमार व प्रिंस के नेतृत्व में निगम के जगाधरी कार्यालय के समक्ष एकत्र हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने गेट मीटिंग कर उनकी लंबित पड़ी मांगो को अभी तक पूरा नहीं किए जाने पर गहरा रोष जताया। मौके पर प्रदर्शनकारियों ने सरकार व नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रधान मुकेश कुमार व उप प्रधान श्रीचंद और पूर्व प्रधान विक्की पारचा ने कहा कि नगर पालिका कर्मचारी संघ पिछले लंबे अर्से से अपनी मांगों को पूरा करवाए जाने को लेकर संघर्ष कर रहा है। मगर अभी तक उनकी मांगें पूरी नहीं की गई हैं। इस संबंध में संघ के प्रतिनिधिमंडल और सरकार के बीच कई बार बातचीत हो चुकी है। मगर हर बार सरकार उनकी मांगो को पूरा करने का वादा करती है और बाद में फिर मुकर जाती है। जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि हमारी मुख्य मांगो में कच्चे कर्मचारियों को स्थाई किए जाने, पुरानी पेंशन योजना को बहाल किए जाने, ठेका प्रथा बंद किए जाने, समान काम समान वेतन का भुगतान किए जाने और जो अभी तक मानी की मांगो का परिपत्र जारी करना आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगे जल्द पूरी नहीं की गई तो वह बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। मौके पर कर्मचारी सोनू शर्मा ,राजन, संयम व संजीव गोयल आदि मौजूद रहे।

---

## बच्चों को किया मलेरिया व डेंगू के प्रति जागरूक

- श्री बालाजी पब्लिक स्कूल जठलाना में हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** श्री बाला जी पब्लिक स्कूल जठलाना में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

श्री बालाजी पब्लिक स्कूल जठलाना में बुधवार को मलेरिया व डेंगू की बीमारी को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से दीपक कुमार, कार्तिक व अंकुश ने मलेरिया व डेंगू के प्रति बच्चों को जागरूक किया।

दीपक कुमार ने बताया कि बरसात के दिनों में डेंगू जैसी घातक और जानलेवा बीमारियां मच्छरों के काटने से फैलती हैं। इन बीमारियों को दूर करने के लिए सुरक्षा ही बचाव है। उन्होंने बताया कि डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है। इसलिए अपने आसपास किसी प्रकार का पानी एकत्रित न होने दें। प्रिंसीपल कुलदीप शास्त्री व स्कूल स्टाफ सदस्यों ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से आए हुए सभी सदस्यों का आभार जताया।

---

### जिला स्तरीय योग प्रतियोगता में विभिन्न स्कूलों से 100 प्रतिभागियों ने लिया भाग

## योग भारतीय संस्कृति की है धरोहर: तोशल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा शिक्षा विभाग के तत्वावधान में न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता बालक वर्ग का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिलेभर के विभिन्न विद्यालयों से आए हुए लगभग 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान वातावरण योगमय और अनुशासनपूर्ण दिखाई दिया। बच्चों ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, आसन एवं अन्य योगाभ्यास प्रस्तुत करते हुए न केवल अपनी शारीरिक लचीलेपन का परिचय दिया बल्कि मानसिक एकाग्रता और आत्मविश्वास का भी संदेश दिया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में संजीव नागरा, बब्लेश, सीमा शर्मा, बलिंदर कुमार, मंगल सिंह, रजनी राणा, रितु तथा परविंदर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या तोशल ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की धरोहर है। यह जीवन में अनुशासन, एकाग्रता तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने कहा कि योग के नियमित अभ्यास से विद्यार्थी न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त बनते हैं।

---

### रोटरी व इनरव्हील क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 28 को खेलकूद प्रतियोगिता

## खेल दिवस के रूप में मनाया जाएगा हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



जानकारी देते हुए क्लब के प्रधान सरदार हरजीत सिंह सैनी।

समाजसेवी संस्था रोटरी क्लव व इनरव्हील क्लब रादौर के संयुक्त तत्वावधान में हाकी के जादूगर एवं भारत रत्न मेजर ध्यानचंद का जन्मदिवस राष्ट्रीय खेल दिवस के रुप में मनाया जाएगा इस दौरान रादौर के मुकंदलाल कॉलेज में रोटरी क्लब की ओर से 28 अगस्त को स्कूल व कॉलेज के बच्चों के लिए 5वीं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन क्लब के प्रोजेक्ट चेयरमैन मलखान सिंह सढुरा, प्रधान सरदार हरजीत सिंह खुर्दबन व रोटेरियन मास्टर गुरचरण सिंह की देखरेख में किया जाएगा।

रोटरी क्लब रोटेरियन मलखान सिंह सढुरा ने बताया कि प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रूप में रादौर के तहसीलदार अशोक कुमार करेंगे। मौके पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. माला शर्मा भी मौजूद रहेंगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में करीब 200 खिलाड़ी भाग लेंगे। रोटरी क्लब के प्रधान हरजीत सिंह खुर्दबन ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा 5वीं तक के लड़के व लड़कियों के लिए लॉंग जम्प, सौ व दो सौ मीटर की दौड़ आयोजित की जाएगी। वहीं, कक्षा छठी से 8वीं तक के लड़के व लड़कियों के लिए लांग जम्प, सौ व दो सौ मीटर की दौड़, नौंवी से कक्षा दसवीं तक के लड़के व लड़ाकियों के लिए लांग जम्प, दो सौ व चार सौ मीटर दौड व शॉटपुट प्रतियोगिता आयोजित होगी। ओपन प्रतियोगिता में लड़के व लड़कियों की 200 व 400 मीटर दौड़, लांग जम्प व शॉटपुट प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। वहीं स्कूल व कॉलेज के बच्चों के बीच रस्सा कस्सी का मुकाबला भी आयोजित किया जाएगा। विजेताओं को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर क्लब के सचिव भारत माटिया ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना है और युवाओं में खेल की भावना को जागरूक करना है। मौके पर क्लब के मुख्य सलाहकार डॉ. एससी सैनी भी मौजूद रहे।

---

### पुलिस ने एक आरोपी को किया नामजद

## युवक पर कटर से हमला कर किया घायल, कमर व सिर में लगे 45 टांके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के ओपी जिंदल पार्क में कुछ युवकों ने हमीदा निवासी शकील पर कटर से हमला कर उसे जान से मारने का प्रयास किया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। जहां पर डॉक्टरों ने उसके शरीर पर 45 टांके लगाने पड़े। पुलिस ने मामले की जांच के बाद एक युवक को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ जान से मारने का प्रयास करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। हमीदा निवासी शकील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि विवेक उसके बचपन का दोस्त है। वह सोमवार की शाम को उसके पास आया था और साथ में पार्क चलने को बोला था। उस समय उसने तबीयत ठीक न होने के कारण साथ चलने से मना कर दिया था। जिसके बाद विवेक मंगलवार को फिर से हमीदा में जूस की रेहड़ी के पास उसके पास आया और उसे पार्क में घूमाने के लिए बोलने लगा। विवेक के कहने पर वह उसके साथ बाइक पर शहर के ओपी जिंदल पार्क में चला गया। विवेक के साथ दूसरी बाइक पर उसके तीन दोस्त और थे। उन्होंने बाइक पार्क के बाहर खड़ी की और अंदर चले गए। जब वह पार्क के सेंटर में बने सेल्फी प्वाइंट के पास बैठे थे कि अचानक से विवेक व उसके दोस्तों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। विवेक ने जेब से कटर निकाला और उसकी कमर में गड़ाकर दो वार किए। उसके बाद अन्य आरोपियों ने उसके सिर पर कडे से कई बार मारा। आरोपी उसे बुरी तरह घायल कर मौके पर छोड़कर फरार हो गए। उसने पार्क से अपने दोस्तों को फोन किया। दोस्तों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर उसकी कमर व सिर में 45 टांके आए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप



### बुजुर्गों को उनके अधिकारों से करवाया अवगत

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव मिस नीतिका भारद्वाज द्वारा सम्मान से जीवन अधिकार से रक्षा कैंपेन के तहत बुजुर्गों के लिए प्रेरणा वृद्ध आश्रम कुरुक्षेत्र, बाबा बंसीवाला वृद्ध आश्रम लाड़वा में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। डीएलएसए के पैनल अधिवक्ता अमित सहरावत द्वारा वृद्ध जनों को उनके अधिकारों के बारे में बताया गया।

### जल शक्ति अभियान को लेकर बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भू राठी ने कहा कि जल शक्ति अभियान 2025 को लेकर 21 अगस्त को सायं 3 बजे पंचायत भवन के सभागार में एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। सीईओ जिला परिषद शम्भू राठी ने आज यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि जिला परिषद द्वारा जल शक्ति अभियान-2025 के निर्धारित लक्ष्यों को पोर्टल पर अपलोड करने के लिए इस बैठक का आयोजन किया जाएगा।

### विद्यार्थियों के लिए हैल्थ चैकअप कैंप आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में आज कक्षा प्री नर्सरी से द्वितीय के विद्यार्थियों के लिए हैल्थ चैकअप कैंप का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण करके उन्हें रोगों से बचाव की जानकारी दी गई। इस कैंप में मेदांता फाउंडेशन ओ.पी.डी सेंटर, ब्रांच कुरुक्षेत्र की ओर से डॉ गीता तथा मेदांता फाउंडेशन के स्टाफ नेहा, प्रशांत और शशि कांत मिश्रा उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने बताया कि प्रत्येक बच्चे का हेल्थ रिपोर्ट कार्ड तैयार किया गया है। साथ ही बच्चों के वजन व उनकी लंबाई भी मापी गई।

### राजीव गांधी की जयंती पर लगाया भंडारा



**कुरुक्षेत्र।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा के सुपुत्र हिमांशु अरोड़ा के नेतृत्व में कांग्रेसियों द्वारा श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्मसरोवर स्थित मानव सेवा अन्नक्षेत्र में भंडारे का आयोजन किया गया। जरूरतमंदों को भोजन करवाया गया। इससे पूर्व स्व. राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। स्व. राजीव गांधी को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए युवा कांग्रेसी नेता हिमांशु अरोड़ा हन्नी ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को एक नई दशा और दिशा दी।

---

### श्री कृष्ण आयुष विवि में रोपित किए पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

# मां के नाम पर लगाए गए पौधों को संतान की तरह पालें : प्रो. धीमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय परिसर व पुरुष छात्रावास में बुधवार को एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत एनएसएस यूनिट द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान व कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर ने स्वयं पौधे रोपित कर सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बच्चों से भी पौधारोपण कराया गया, जिससे परिसर हरे-भरे भविष्य की ओर बढ़ा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि पौधे जीवन के लिए अमूल्य धरोहर हैं। जिस प्रकार मां हमें जीवन देती है, उसी प्रकार पौधे हमें शुद्ध हवा, फल, छाया और जीवनदायिनी ऊर्जा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी मां के नाम पर एक पौधा जरूर लगाना चाहिए, ताकि पर्यावरण सुरक्षित रहे और आने वाली पीढ़ियों को भी शुद्ध हवा मिल सके। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि यह अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि पौधों की सुरक्षा और देखभाल भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपनी मां के नाम पर लगाए गए पौधों को संतान की तरह पालें और उनका संरक्षण करें। वहीं, कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मां और प्रकृति दोनों ही जीवनदायिनी हैं। यदि हम मां के प्रति सम्मान व्यक्त करना चाहते हैं तो सबसे अच्छा तरीका है कि उनके नाम पर एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करें। उन्होंने कहा कि पौधों का संरक्षण सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हमारी संस्कृति और संस्कार का प्रतीक भी है। इस अवसर पर आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, एनएसएस यूनिट के कोऑर्डिनेटर डॉ. पीसी मंगल, प्रोग्राम इंचार्ज डॉ. सुरेंद्र सहरावत, पुरुष छात्रावास के वार्डन डॉ. कृष्ण कुमार, एपीआरओ नरेंद्र शर्मा ने भी परिसर में औषधीय एवं छायादार पौधे लगाए गए, जिससे विश्वविद्यालय का वातावरण और अधिक हरा भरा होगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण में भाग लिया और पौधों को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।



**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण करते विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान, कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर व अन्य।

### रोटरी क्लब ने 320 पौधे किए रोपित




**शाहबाद।** रोटरी क्लब शाहाबाद द्वारा पटेल हेल्थ केयर, पंचकूला रोड शाहबाद मारकंडा में पौधारोपण किया गया। रोटरी क्लब शाहाबाद द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु 1000 पेड़ लगाने का लक्षण निर्धारित किया गया है। इस कड़ी में 320 पौधे लगाए गए। रोटरी प्रधान डॉक्टर आरएस घुम्मन ने अपने संबोधन में वृक्षों की महत्वता के बारे में बताया कि जिस प्रकार हम अपनी मां का सम्मान करते हैं उसी प्रकार हमें अपनी धरती माता का सम्मान करना चाहिए और कहां कि आज समय की मांग है कि हम अधिक से अधिक वृक्ष लगाए ताकि हमारे ग्रह धरती पर प्रकृति का संतुलन बना रहे उन्होंने सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन एस. एस. खुराना ने कहा की आज के युग में वृक्षों के महत्व को नकारा जा रहा है और अंधाधुंध वर्षों की कटाई के कारण आज मनुष्य को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है इसलिए अधिक से अधिक पेड़ लगाए जिस धरती पर प्रकृति का संतुलन बना रहे। इस अवसर पर जिला सलाहकार राजकुमार गर्ग, असिस्टेंट गवर्नर डॉ. एस.एस. आहूजा, प्रवीण ठकराल, वीरेंद्र ठकराल, प्रितपाल सिंह ढिल्लों, सुरेश गोगिया, एस सी सिंगला, महेश गोयल आदि रोटेरियन उपस्थित।

---

### विश्राम कुमार मीणा बने कुरुक्षेत्र के नए उपायुक्त

## आमजन की सुविधाओं को दी जाएगी प्राथमिकता :उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र के नवनियुक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि गीता स्थली कुरुक्षेत्र के विकास पर विशेष फोकस रखकर सरकार की योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जाएगा। इस धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में आमजन की सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी और समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा। बैच 2017 के आईएएस विश्राम कुमार मीणा ने उपायुक्त कुरुक्षेत्र का पदभार संभाला है। उन्होंने पदभार संभालते ही सभी उपमंडल के अधिकारियों से बातचीत कर कुरुक्षेत्र जिले के सभी उपमंडलों के बारे में फीडबैक ली।



श्रवण कुमार मीणा।

#### कुरुक्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के बारे में की चर्चा

इतना ही नहीं उपायुक्त ने कुरुक्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के बारे में भी बारीकी से चर्चा की है। इस दौरान उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल से भी कुरुक्षेत्र जिले की कानून व्यवस्था के बारे में बातचीत की है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में मारकंडा नदी के आस-पास का क्षेत्र बरसाती पानी से प्रभावित है। इस क्षेत्र में संबंधित उपमंडल के अधिकारी 24 घंटे निगरानी रखेंगे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, एसडीएम थानेसर शाश्वत सांगवान, एसडीएम पिहोवा अभिनव सिवाच, एसडीएम पंकज सेतिया, डीएमसी अमन कुमार, नगराधीश आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।

### विश्वविद्यालय का प्रयास विद्यार्थियों में रचनात्मक कौशल बढ़ाना: प्रो. महासिंह



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया के निर्देशन में बीएएमसी जनसंचार के चार विद्यार्थीगण स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स यूनिवर्सिटी, रोहतक में 19 से 23 अगस्त तक आयोजित पांच दिवसीय फिल्म निर्माण कार्यशाला में भाग ले रहे हैं। इन विद्यार्थियों में पीयूष, अंजली, आर्ची, और आयुषी सम्मिलित है। इस अवसर पर जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने बताया कि संस्थान के विद्यार्थीगण इस पाँच दिवसीय फिल्म निर्माण कार्यशाला में संवाद लेखन, कोरियोग्राफी इत्यादि की तकनीकी पहलुओं से फिल्म निर्माण से संबंधित विशेषज्ञों से रू-ब-रू होगे। उन्होंने बताया कि संस्थान एवं विश्वविद्यायल का प्रयास विद्यार्थियों में रचनात्मकता कौशल को आगे बढ़ाना है जिसके लिए हर संभव प्रयास अहम है।

---

## संगमेश्वर महादेव मंदिर में त्रयोदशी मेला आज, हजारों श्रद्धालु करेंगे जलाभिषेक

- शिव भक्तों को हरिद्वार का गंगाजल उपलब्ध कराने के लिए 25 हजार लीटर क्षमता का नया टैंक किया स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

श्रीसंगमेश्वर महादेव मंदिर में मासिक त्रयोदशी का मेला गुरुवार 21 अगस्त को लगेगा। इस दौरान हजारों श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे। मंदिर के सचिव एवं व्यवस्थापक महंत विश्वनाथ गिरी ने बताया कि 21 अगस्त को सुबह से लेकर पूरा दिन जलाभिषेक होगा। मंदिर की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भंडारा गृह में भोजन की व्यवस्था भी रहेगी। इस दौरान श्रद्धालुओं को मंदिर में ही हरिद्वार से लाया गया शुद्ध गंगाजल भी जलाभिषेक के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। मंदिर सेवादल प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि गंगाजल को लेकर कंपनी की ओर से 1500-1500 लीटर के दो टैंक स्थापित किए गए थे। जिसके बाद श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए इसे बढ़ाकर 6000 लीटर कर दिया गया।



अब इसमें 25 हजार लीटर का विशेष टैंक अलग से ऐड किया जा रहा है ताकि सप्लाई निरंतर मिलती रहे। इसे मंदिर के बाहर इंस्टॉल किया गया है। लगभग 30 हजार लीटर शुद्ध गंगाजल मंदिर में अब हर समय उपलब्ध रहेगा। खाली टैंक को गंगाजल से पुनः भरने के लिए भी ऑटोमेटिक व्यवस्था मंदिर की ओर से की जा रही है। टैंक खाली होते ही मोटर के जरिए फिर से इनमें गंगाजल भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि दूर दराज से श्रद्धालु गंगाजल के इस प्रोजेक्ट को देखने के लिए भी पहुंच रहे हैं।



### अनाज मंडी आढती एसो. ने लगाया भंडारा

**लाडवा।** लाडवा अनाज मंडी आढती एसोसिएशन द्वारा बुधवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पहले शहर, अनाज मंडी के आढ़तियों व किसानों की सुख समृद्धि के लिए एक हवन का आयोजन किया गया इसमें पंडित कलाधर शास्त्री ने मंत्र कर के साथ आहुतियां डलवाई। हवन के बाद सभी आढती नगर खेड़ा मंदिर गये और सभी की सुख-समृद्धि की अरदास करते हुए भंडारे प्रसाद का भोग लगाया।

## केयू शिक्षक संघ के चुनाव में प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

- डा. खटकड़ ने शिक्षकों के हितों के लिए एजेंडा किया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के चुनाव को लेकर सभी प्रत्याशी एडी चोटी का जोर लगा रहे है। इस बार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ का चुनाव 26 अगस्त को होगा। चुनाव में करीब 332 मतदाता शिक्षक अपने वोट के जरिये फैसला करेंगे। प्रधान पद के लिए डॉ. जीतेंद्र खटकड़ और डॉ. नरेश सागवाल के बीच सीधी टक्कर होगी। वहीं उप प्रधान पद के लिए डॉ. विजय कुमार द्वारा नामांकन वापस लिए जाने पर अब डा. सुधीर कुमार व डा. विजय कुमार के बीच मुकाबला होगा। सचिव पद के लिए डा.संजय कुमार और डा. सुरेंद्र कुमार के बीच मुकाबला होगा। प्रधान पद प्रत्याशी डा. जितेंद्र खटकड़ ने शिक्षकों के हितों के लिए अपना एजेंडा जारी किया है।

#### एजेंडा में ये शामिल

इनमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाना ताकि फंडिंग, अधोसंरचना और शैक्षणिक प्रतिष्ठा में वृद्धि हो। स्ववित्तपोषित शिक्षण पदों को नियमित बजट पदों में परिवर्तित करना, ताकि समान व्यवहार और नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित हो। यूजीसी दिशा-निदेर्शों के अनुसार सभी शिक्षकों के लिए सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष लागू करना। स्ववित्त योजना के अंतर्गत शिक्षकों को सीनियर प्रोफेसर स्तर तक पदोन्नति का अवसर प्रदान करना। स्ववित्त एवं बजट दोनों प्रकार के शिक्षकों के लंबित एरियर का तुरंत भुगतान। एक जनवरी 2006 के बाद नियुक्त शिक्षकों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करना। पीएच.डी./ एलएलएम. /एम.टेक. की डिग्री एक जनवरी 2016 के बाद पूरी करने वाले शिक्षकों को अग्रिम वेतन वृद्धि देना। पुनर्नियोजन योजना का पारदर्शी और समान क्रियान्वयन, जिसमें सभी शिक्षकों के लिए पिछली सेवा की गिनती और वेतन संरक्षण सुनिश्चित करना उनके एजेंडे में शामिल है।

### अंबेडकर हेल्थ एंड एजुकेशन की ई लाइब्रेरी से हो रहा ग्रामीण क्षेत्रों में जन जागरण

**कुरुक्षेत्र।** डॉ बीआर अंबेडकर हेल्थ एंड एजुकेशन समिति ट्रस्ट के माध्यम से पिछले दो वर्षों से लाइब्रेरी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में अध्ययन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए समिति के सचिव जुगमंदर ने बताया कि चेयरमैन सूरजभान कटारिया के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में अनुसूचित जाति, पिछड़ी वर्ग तथा महिलाओं के बीच ज्यादा लाभकारी सिद्ध हो रहा है। इसके माध्यम से सामाजिक समरसता के कार्यक्रमों को भी चलाया जा रहा है। ई लाइब्रेरी के माध्यम से जहां बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सामाजिक बुराइयों शराब, दहेज प्रथा तथा भ्रूण हत्या के रोकथाम तथा महिलाओं में साक्षरता की दर बढ़ाना साथ-साथ स्वास्थ्य की दृष्टि से जन जागरण कार्यक्रमों की गत 3 माह की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया की मथाना, कदमी, दौलतपुर, सिरसमा, गढ़ी, उमरी सहित पिपली क्षेत्र की कहानी बस्तियों में यह सफल कार्यक्रम आयोजित हुए हैं।




**कुरुक्षेत्र।** अंबेडकर हेल्थ एंड एजुकेशन की ई लाइब्रेरी।

## सद्भावना दिवस पर राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस पर उन्हें भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की गई। संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनौरा-लाडवा के शिक्षकों और छात्रों के साथ स्कूल प्रबंधन, प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। स्कूल प्रधान पवन गर्ग ने कहा कि पेशे से पायलट, भारत रत्न राजीव गांधी, एक अनिच्छुक राजनेता थे, जो 1984 में अपनी मां, भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भारत के प्रधानमंत्री बने। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कंप्यूटर प्रौद्योगिकी के उपयोग को सुगम बनाया और दूरसंचार क्षेत्र में क्रांति ला दी। उन्होंने भारत के लोगों के बीच सद्भाव और भाईचारे के लिए अथक प्रयास किया। वह 1984 से 1989 तक प्रधानमंत्री के पद पर रहे। उन्होंने 1986 में शिक्षा पर राष्ट्रीय नीति पेश की और पूरे भारत में जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना की। इस अवसर पर राजबीर शर्मा, पूनम शर्मा, कविता लालर, परमजीत कौर, मोनिका जिंदल, अनुराधा गुप्ता, अमन शर्मा, संजीव मंढ़ाण, दीपक मेहता, शम्मी व अन्य शिक्षकों ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की।



**लाडवा।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते स्कूल के प्रिंसिपल नरेंद्र शर्मा व स्कूल स्टाफ।

### नगर परिषद थानेसर चेयरपर्सन माफी ढांडा के दादा ससुर लाल सिंह के निधन पर जताया शोक

**कुरुक्षेत्र।** पत्रकार नरेश ढांडा के पिताजी व नगर परिषद थानेसर की चेयरपर्सन माफी ढांडा के दादा ससुर लाल सिंह का 90 वर्ष की आयु में बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन पर शहर भर के धार्मिक एवं सामाजिक संस्थानों से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ-साथ राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति शोक प्रकट करने उनके निवास स्थान कुरुक्षेत्र पर पहुंचें। इनमें कुरुक्षेत्र सांसद नवीन जिंदल, भाजपा नेता डी.डी. शर्मा, भाजपा नेता सुभाष कलसाना, पूर्व विधायक गुहला चौधरी ईश्वर सिंह, पूर्व विधायक पुंडरी चौधरी तेजबीर सिंह, शुगरफेडरेशन चेयरमैन धर्मबीर डागर, कुवि के डां. बीआर आंबेडकर शोध संस्थान के निर्देशक डां प्रीतम सिंह, संजय कौशिक जिला कार्यवाह आरएसएस, भाजपा नेता ऋषिपाल मथाना, पशुपालन विभाग चेयरमैन धर्मबीर मिजार्पुर, जिला परिषद कैथल के अध्यक्ष कर्मबीर कौल, भाजपा प्रदेश सचिव राहुल राणा, जिला परिषद थानेसर के वाइस चेयरमैन डी.पी. चौधरी, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र जांगड़ा, रोड क्षत्रिय विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू टाया, नगर परिषद के सभी पार्षद सहित कई गणमान्य लोगों ने शोक जताया। स्व. लाल सिंह ढांडा के पुत्र नरेश ढांडा ने बताया कि स्व. लाल सिंह ढांडा की पुण्य स्मृति और आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी 24 अगस्त 2025 रविवार को सैनी समाज भवन कुरुक्षेत्र में दोपहर एक से दो बजे तक होगी।



## प्रांत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा द्वारा 36वीं प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जींद स्थित गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में 17 से 19 अगस्त तक किया गया जिसमें गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर -3 के 17 छात्रों ने विद्यालय शारीरिक आचार्य अनुज कुमार के संरक्षण में सहभागिता की एवं छात्रों ने बहुत उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय को 14 मेडल प्राप्त हुए। प्रतियोगिता में अंडर- 11 दौड़ प्रतियोगिता में 400 मीटर एवं 100 मीटर में विद्यालय के छात्र आयुष कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रिले दौड़ में आयुष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बहनों में अंडर -11 में अंशिका ने 400 मीटर व 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।रिले रेस में अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।बहन दिव्यांशी ने गोला फेंक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एवं ऊंची कूद में तृतीय स्थान प्राप्त किया। रिले रेस में जतिन, समर प्रताप ,वंश, नमिश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बहनों में रिले रेस में अंशिका, दिव्यांशी, मनिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त प्रांत स्तरीय संपूर्ण प्रतियोगिता में अंडर -11 बहनों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

**कार्यक्रम** जिला स्तरीय विज्ञान सेमिनार में चमके अनिकेत और कृतिका

# क्वांटम युग भारत के विकास की नई दिशा: विनोद कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र के प्रांगण में जिला स्तरीय विज्ञान सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें खंड स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने सहभागिता की और विज्ञान के उभरते हुए आयामों पर अपने विचार रखे। जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि इस वर्ष विज्ञान सेमिनार का विषय क्वांटम एज बिगिनस रखा गया है, जिससे विद्यार्थियों की जिज्ञासा और प्रस्तुति कौशल को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं। प्रतिभागियों ने क्वांटम युग की शुरूआत, उनके वैज्ञानिक सिद्धांतों, भविष्य की संभावनाओं तथा मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों को रोचक उदाहरणों और शोध कार्यों के साथ प्रस्तुत किया। डॉ. तरसेम कौशिक ने कहा कि क्वांटम युग की शुरूआत विषय पर विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां यह दशार्ती हैं कि हमारे जिले के छात्र न केवल विज्ञान की गहराइयों को समझ रहे हैं, बल्कि भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार हैं। क्वांटम युग में ज्ञान, शोध और नवाचार ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। ऐसे सेमिनार विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और शोधपरक सोच को मजबूत करने का माध्यम बनते हैं। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि प्रतियोगिता में सुगनी देवी विद्यालय लाडवा की छात्रा अलीशा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहाबाद की छात्रा शरणदीप कौर, माता रुक्मणी विद्यालय शाहाबाद की छात्रा अनन्या, गीता निकेतन से कृतिका, विजडम स्कूल से अनिकेत, राजकीय विद्यालय जलबेहरा से अर्चना, दून पब्लिक स्कूल लाडवा से हरमन, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पेहोवा से अंशिका तथा भारत पब्लिक स्कूल से वंश से सहभागिता की।




#### जिले का नाम किया रोशन

डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि गहन प्रतिस्पर्धा के बीच विजडम वर्ल्ड स्कूल के अनिकेत चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले में नाम रोशन किया। वहीं, गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, कुरुक्षेत्र की कृतिका ने द्वितीय स्थान हासिल किया। निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों की तार्किक प्रस्तुति, शोध कार्य और आत्मविश्वास की विशेष प्रशंसा की। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उसका प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। आज का युग वास्तव में क्वांटम युग है, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नैनो टेक्नोलॉजी और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी अवधारणाएं मानव सभ्यता की दिशा बदल रही हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे इन नई तकनीकों का अध्ययन करें और भारत को विकसित भारत बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर डॉ. सविता, आशिमा सिंगला, जयप्रीत कौर और अली शेर सहित जिले के अनेक विद्यालयों के शिक्षक और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गहन प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। इस विज्ञान सेमिनार ने विद्यार्थियों को विज्ञान की नई अवधारणाओं से अवगत कराया और उन्हें यह संदेश दिया कि भविष्य उन्हीं का है जो जिज्ञासा, शोधपरक और नवाचार के प्रति समर्पित हैं।

## खबर संक्षेप

### नशा तस्करी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर के काजीवाड़ा मोहल्ला के पास से नशा तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी गौरव गेरा को 8 ग्राम 54 मिलिग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने काजीवाड़ा मोहल्ला के पास नाकाबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी में आरोपी से 8 ग्राम 54 मिलिग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी रॉकी को गिरफ्तार किया है। तेपला के अवनीत कुमार ने 19 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने गांव तेपला में उसकी आटा चक्की का शटर उठाकर नकद राशि व आधार कार्ड चोरी किया है।

### निगम उपलब्ध करवाएगा लोन

अंबाला। हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को अपना स्वंय रोजगार स्थापित करने हेतू ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। स्कीम के तहत अनुसूचित जाति के, वे परिवार जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 3,00,000/(परिवार पहचान पत्र अनुसार) अपना स्वंय का कारोबार करने के लिए निगम द्वारा माइक्रो फाइनेंस स्कीम (एमएफएस) के तहत 1,00,000/- रुपये व टर्म लोन स्कीम (टीएलएस) के तहत 2,00,000/- रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा।

### विद्यालय के बच्चों ने निकाली रैली

**नारायणगढ़।** बुधवार को माउंट कार्मल इंटरनेशनल विद्यालय में छात्रों द्वारा तंबाकू निषेध सप्ताह मनाते हुए रैली का आयोजन किया गया। रैली का प्रारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या सुखविंदर कौर ढिल्लों द्वारा बच्चों को तंबाकू निषेध के प्रति जागरूक करने के साथ किया गया। रैली के दौरान छात्रों का उत्साह देखते ही बनता था। इस अवसर पर छात्रों द्वारा बड़े-बड़े बैनर और पोस्टर तैयार किए गए थे। इ लोगों द्वारा भी इस रैली में दिलचस्पी दिखाई गई। विद्यालय के छात्रों द्वारा पूरे बाजार में रैली निकालते हुए जोर-जोर से तंबाकू का सेवन रोकने के लिए नारे लगाए गए।

# राजीव गांधी केवल एक प्रधानमंत्री नहीं बल्कि देश के भविष्य-द्रष्टा थे

## विधायक निर्मल सिंह समेत तमाम कार्यकर्ताओं ने नम आंखों से दी पूर्व पीएम राजीव गांधी को श्रद्धांजलि

*81वीं जयंती पर अंबाला शहर कांग्रेस भवन में भावपूर्ण श्रद्धांजलि समारोह*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे विधायक निर्मल सिंह व अन्य पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर के विधायक निर्मल सिंह ने कहा कि यह दिन केवल एक तारीख़ नहीं, बल्कि इतिहास के पन्नों में अंकित वह उज्ज्वल दीप है जिसने आधुनिक भारत की दिशा और दशा बदल दी। वे बुधवार को संचार क्रांति के प्रवर्तक, पंचायती राज व्यवस्था के प्राणदाता, तकनीकी नवजागरण के शिल्पकार और भारत रत्न राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर अंबाला शहर कांग्रेस भवन में आयोजित भावपूर्ण श्रद्धांजलि समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान जिला कांग्रेस शहरी अध्यक्ष पवन अग्रवाल,पूर्व विधायक जसबीर मलौर ने राजीव गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। हर कार्यकर्ता की आंखों में कृतज्ञता की नमी और हृदय में गर्व का ताप दिखाई दे रहा था। पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने कहा राजीव गांधी केवल एक प्रधानमंत्री नहीं थे वे देश के भविष्य-द्रष्टा थे।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य रूप से इशु गोयल,राजविंदर कौर,ब्रह्मपाल राणा,गुलजार सिंह,रोहित शर्मा विशु,प्रतीक चौधरी,हैरी, हरजीत सिंह बब्बल,देविंदर बजाज,कुलदीप गुल्लू,विनोद धीमान,अशोक सोनी,बलजिंदर सिंह,धर्मपाल चड्ढा,नीरू वढेरा,नवीन गुप्ता,सुरजीत सिंह,नैब सिंह,वेद बक्शी,राकेश मैहला,गुरदयाल सिंह,डॉ प्रमोद विज,देविंदर ,अशोक वर्मा भी उपस्थित रहे।

### कंप्यूटर और सूचना क्रांति का दीप जलाया

उन्होंने उस दौर में कंप्यूटर और सूचना क्रांति का दीप जलाया जब संदेह और अविश्वास का अंधेरा था। पंचायतों को संवैधानिक दर्जा देकर उन्होंने लोकतंत्र की जड़ों को गांव की मिट्टी तक पहुंचाया। उनकी शहादत केवल राजनीति की घटना नहीं बल्कि राष्ट्र के हृदय पर अंकित वह अमर बलिदान है जो हर पीढ़ी को कर्तव्य की याद दिलाता रहेगा। जिला कांग्रेस के शहरी अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा जब युवा बेरोजगारी और नशे की अंधेरी गलियों में भटक रहा है तब राजीव गांधी का जीवन हमें याद दिलाता है कि शिक्षा, तकनीक और नवाचार ही उजाले की वह मशाल है। इससे भविष्य संवरता है। यदि भारत तकनीकी शक्ति के रूप में खड़ा है तो यह उन्हीं की दूरदृष्टि का परिणाम है। हम सबका दायित्व है कि उनके सपनों को अधूरा न रहने दें।

### राजीव के अधूरे सपनों को साकार करेंगे

पूर्व विधायक जसबीर मलौर ने सभी कार्यकर्ताओं से सामूहिक स्वर में प्रण कराया कि वे राजीव गांधी के अधूरे सपनों को साकार करने के लिए निरंतर संघर्षरत रहेंगे। राष्ट्रगान और एकजुटता की प्रतिज्ञा के साथ समारोह का समापन हुआ। राजनीति के शोरगुल से परे, यह श्रद्धांजलि सभा एक दार्शनिक चिंतन का आह्वान थी कि शक्ति केवल सत्ता में नहीं, बल्कि दृष्टि और त्याग में निहित होती है।

# ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली कर्मियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

## बिजली मंत्री व मुख्य सचिव के नाम सौंपा ज्ञापन, कर्मचारी बोले पॉलिसी हित में नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



**नारायणगढ़।** बिजली मंत्री व मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपते बिजली कर्मी। फोटो : हरिभूमि

ऑल हरियाणा पॉवर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य वार्ता समिति की मीटिंग के निर्णय के अनुसार बुधवार को विकास वर्मा सर्कल सचिव की अध्यक्षता में अधीक्षक अभियंता ऑपरेशन और अधीक्षक अभियंता स्टोर एवं वर्कशॉप अंबाला के कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करके बिजली मंत्री व अतिरिक्त मुख्य सचिव के नाम हरियाणा बिजली निगमों में आदर्श ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू न किए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन का संचालन एस कुमार यूनिट प्रधान और संबोधन यूनिट सचिव अंबाला हरपाल सिंह ने किया ।

सर्कल सचिव विकास ने बताया कि बिजली विभाग मे ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के हित में नहीं है। तकनीकी कर्मचारियों को धरातल स्तर पर जो तारों का जाल बिछा होता है उसकी पूरी जानकारी होती है। अगर तकनीकी कर्मचारियों की ट्रांसफर होती है तो नया कर्मचारी उस जाल और लाइनों की व्यवस्था से परिचित नहीं रहेगा जिससे दुर्घटनाएं बढ़ेगी। साथ में कार्य प्रभावित रहेगा। ऐसे ही लिपिकीय कर्मचारियों का भी बिजली विभाग में तकनीकी स्तर का कार्य होता है। इसके कारण बिजली विभाग में लिपिक कर्मचारियों की योग्यता भी अन्य विभागों के लिपिक कर्मचारियों से उच्च होती है जिससे भी कार्य प्रभावित होंगे। इसलिए यूनियन कर्मचारी ओर सामाजिक हित में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को बिल्कुल भी मंजूर नहीं करेगी।सचिव अरुण कुमार ने बताया कि अधीक्षक अभियंता ऑपरेशन द्वारा कर्मचारी की छुट्टी पास न करने के कारण एवं कुछ कर्मचारियों के एसीपी एवं प्रमोशन, चार्ज शीट इत्यादि कार्य समय पर न करने के कारण भी कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन किया ।

### यह रहे मौजूद

प्रदर्शन में कृष्ण पंडित सब यूनिट प्रधान, कमलजीत यूनिट उप प्रधान, अनिल कुमार सब यूनिट प्रधान , जसबीर सिंह प्रेस सचिव, निखिल, अरविंद, वरुण, पुरुषोतम लाल, कुलदीप सिंह सैनी, करणबीर सिंह, संजीव कुमार कर्मचारी मौजूद रहे।



नारायणगढ़। विरोध प्रदर्शन करते बिजली कर्मी। फोटो : हरिभूमि

# एलडीसी को सस्पेंड करने के विरोध में कर्मियों का प्रदर्शन

■ कर्मी बोले विरोध प्रदर्शन के बावजूद 40 दिनों में एलडीसी की नहीं हुई बहाली, बड़े आंदोलन करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

बुधवार को सब डिविजन के प्रांगण में एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के बैनर तले 2 घंटे का विरोध तीसरे दिन भी जारी रहा । यह प्रदर्शन एडहॉक कमेटी के मेंबर व सर्कल अंबाला के सर्कल सचिव राजकुमार सैहला के आह्वान पर किया गया। इस विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट सेक्रेटरी राजेश कुमार व स्टेज का संचालन सब यूनिट सचिव रणजीत सिंह ने किया। 18 अगस्त 2025 से यह विरोध प्रदर्शन नारायणगढ़ व अंबाला शहर की सभी सब डिविजनों में शुरू कर दिया गया है। यह विरोध प्रदर्शन सर्कल अंबाला के अधीन सभी सब डिविजनों में किया गया। इस विरोध प्रदर्शन का मुख्य कारण निगम मैनेजमेंट के द्वारा अंबाला कैंट की नंबर दो सब डिवीजन में कार्यरत गुरविंदर एलडीसी को आनन-फानन में सस्पेंड करने के विरोध में किया गया। विरोध प्रदर्शन को चलते हुए 40 दिन हो चुके हैं परंतु किसी भी निगम अधिकारी ने अभी तक कोई सुध नहीं ली। इसके कारण अंबाला सर्कल के सभी कर्मचारियों में बहुत भारी रोष है। यूनिट सेक्रेटरी राजेश सैनी ने कर्मचारियों को बताया कि जब तक सब डिविजन नंबर दो के साथी गुरविंदर एलडीसी को बहाल नहीं किया जाता तब तक यह विरोध प्रदर्शन ऐसे ही चलता रहेगा । इस अवसर पर यूनियन के सभी पदाधिकारी व बहादुर कर्मचारी साथी मौजूद रहे।

# सीएम सैनी ने दिया आश्वासन कहा-बख्शे नहीं जाएंगे आरोपी

*उत्तराखंड सीएम ने साहिल हत्या केस में ली जानकारी,*

■ लूट के इरादे से बाइक सवार बदमाशों ने साहिल की कर दी थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

चार बदमाशों ने लूटपाट के इरादे से उत्तराखंड के युवक साहिल बिष्ट की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से फोन पर बातकर आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने का आग्रह किया। उधर इस मामले में सीआइए स्टाफ ने वारदात में शामिल कुछ युवकों को हिरासत में लिया है। उनसे गहन पूछताछ चल रही है। हालांकि पुलिस ने अधिकारिक तौर पर किसी युवक के पकड़े जाने की पुष्टि नहीं की है। यह वारदात 13 अगस्त की रात करीब 11 बजे हुई थी। टिहरी गढ़वाल के रहने वाले 30 वर्षीय साहिल बिष्ट शहजादपुर के एक ढाबे पर तंदूर का काम करता था। रोज़ की तरह काम खत्म कर जब वह अपने कमरे जा रहा था तो रास्ते में दो बाइकों पर आए चार बदमाशों ने उसे रोक लिया। लूटपाट की कोशिश की। इस दौरान बदमाशों ने उसकी छाती में चाकू मार दिया था। खून से लथपथ साहिल किसी तरह होटल तक पहुंचा। इसके बाद वह वहीं बेहोश होकर गिर पड़ा। होटल स्टाफ ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया। फिर चंडीगढ़ पीजीआई रेफर किया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की शिकायत होटल के कोषाध्यक्ष पंकज ने पुलिस को दी। इसके आधार पर पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ लूट और हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस मामले में हरियाणा सरकार से लगातार अपडेट ले रहे हैं। सीएम नायब सैनी ने उन्हें आश्वस्त किया कि दोषियों की जल्द गिरफ्तारी कर उन्हें सख्त सजा दिलाई जाएगी। अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। साहिल पिछले दो साल से शहजादपुर के होटल में काम कर रहा था। यहीं किराए पर कमरा लेकर रहता था।

फोटो संख्या 9

# आईटीआई के छात्रों को मिलेगा रोजगार का मौका



■ कई कंपनियां कैंपस प्लेसमेंट में लेंगी हिस्सा

**शहजादपुर।** युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने तथा उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भारांपुर में 22 अगस्त 2025 को प्रातः 10:00 बजे से रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर कई कंपनियां चयनित युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। इस कैंपस प्लेसमेंट में 18 वर्ष से 26 वर्ष की आयु के आईटीआई पास एवं फाइनल वर्ष की परीक्षा में बैठ चुके छात्र व छात्राएं भाग ले सकते हैं। संस्थान के प्लेसमेंट अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि इस प्लेसमेंट में वर्ष 2022 से 2024 के पास आउट व वर्ष 2025 की फाइनल वर्ष की परीक्षा में बैठ चुके छात्र व छात्राएं भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस रोजगार मेले का मुख्य उद्देश्य केवल तकनीकी प्रशिक्षण तक सीमित न होकर युवाओं को रोजगारोन्मुखी बनाना एवं उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम और आत्मनिर्भर करना है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवा इस अवसर का लाभ उठाकर रोजगार प्राप्त करें।



हिना को सम्मानित करते शिक्षक

# एमए हिंदी की हिना को विश्वविद्यालय में मिला दूसरा स्थान

**अंबाला।** अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज ( लाहौर) की हिना ने एमए -2 ( हिंदी ) की परीक्षा में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 75.3% लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया । इसके साथ ही हिना ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने अपनी ओर से हिना को नकद धनराशि द्वारा पुरस्कृत किया और छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उप प्राचार्य डॉ. आरएस परमार ने छात्रा को बधाई दी। इस अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ. रेखा शर्मा ने निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. रचना ,डॉ. करमजीत कौर और प्रोफेसर निशा ने भी हिना को उसकी सफलता पर बधाई दी।

# अमेरिका भेजने का लालच देकर 57.50 लाख की ठगी, सरपंच समेत छह पर केस

**अंबाला।** अमेरिका भेजने का झांसा देकर युवक को अजरबैजान भेज दिया। यहां बंधक बनाकर युवक से 57.50 लाख रुपये भी ऐंठ लिए। इस मामले में नग्गल थाना में पीड़ित की शिकायत पर बकनौर गांव के सरपंच कप्तान सिंह सहित छह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। कुरुक्षेत्र के गांव सुलखनी के रहने वाले अमर सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्हें गांव बकनौर के सरपंच कप्तान सिंह ने अपने साथी बलदेव सिंह, मीकू (कर्मबीर सिंह), सविंद्र सिंह, सोमनाथ उर्फ संधू और विक्रम सिंह उर्फ राहुल के साथ मिलकर उनके बेटे को अमेरिका भेजने के नाम पर झांसा दिया था। शुरुआत में आरोपियों ने पांच लाख की नकद राशि ली थी। आरोपियों ने बेटे को अजरबैजान भेज दिया। आरोपी निरंतर पैसे की मांग करते रहे। वह आरोपियों को कुल 57.50 लाख दे चुका है। मगर इतनी बड़ी रकम देने के बावजूद उसका बेटा अमेरिका नहीं जा पाया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

# एक देश-एक चुनाव सत्ता का षड्यंत्र लोकतंत्र की रीढ़ पर सीधा वार

अंबाला शहर के कांग्रेस भवन से कांग्रेसियों ने निकाली वोट चोर गद्दी छोड़ो मशाल यात्रा

**अंबाला।** अंबाला शहर कांग्रेस भवन से लेकर रेलवे स्टेशन तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की "वोट चोर गद्दी छोड़ो मशाल यात्रा" ने बुधवार को पूरे शहर की सियासी फ़िज़ा को आंदोलित कर दिया। इस विशाल पदयात्रा का नेतृत्व वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं अंबाला शहर विधायक चौधरी निर्मल सिंह तथा कांग्रेस के जिला शहरी अध्यक्ष पवन अग्रवाल डिम्पी व ग्रामीण अध्यक्ष दुष्यंत चौहान ने किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए निर्मल सिंह मोहड़ा ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि, "एक देश-एक चुनाव" सत्ता का वह षड्यंत्र है जो लोकतंत्र की रीढ़ पर सीधा वार है। यह जनता के अधिकारों की नीलामी है और संवैधानिक संस्थाओं को सत्ता की चौखट पर गिरवी रखने का प्रयास है।

उन्होंने व्यंग्य में कहा कि कंधा चुनाव आयोग का, बंदूक मोदी की, मकसद सिर्फ़ वोट चोरी। यही सियासी सच्चाई है। अगर निष्पक्ष चुनाव ही ख़तरे में पड़ जाएं, तो लोकतंत्र महज़ सत्ता का नाटक बनकर रह जाएगा। शहरी अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठना सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संकट है। उन्होंने कहा कि, "यदि चुनाव आयोग जनता के बजाय सत्ता का सहारा बनने लगे तो यह लोकतंत्र के साथ सबसे बड़ा विश्वासघात होगा। भाजपा 'वन नेशन-वन इलेक्शन' की आड़ में मतदाताओं की आवाज़ को दबाने का नया खेल खेल रही है। कांग्रेस कार्यकर्ता इसके खिलाफ़ सड़कों पर संघर्ष करेंगे और जनता को जागरूक करेंगे। यात्रा के दौरान "वोट चोर गद्दी छोड़ो", "लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ" और "एक देश-एक चुनाव नहीं चलेगा" जैसे नारों से अंबाला की सड़कें गूंज उठीं। मशालें थामे कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की अस्मिता की रक्षा का संकल्प लिया और भाजपा पर संवैधानिक संस्थाओं को बंधक बनाने का गंभीर आरोप लगाया। अंत में निर्मल सिंह मोहड़ा और शहरी अध्यक्ष पवन अग्रवाल डिम्पी व ग्रामीण अध्यक्ष दुष्यंत चौहान ने एक स्वर में कहा कि कांग्रेस की लड़ाई केवल भाजपा से नहीं बल्कि उस सोच से है जो लोकतंत्र को महज़ सत्ता की सुविधा का औज़ार बनाना चाहती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जन-जन तक यह संदेश पहुंचाएं कि लोकतंत्र की रक्षा किसी पार्टी का नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है।




# शिवाजी सदन की शिवांगी ने एकल गायन प्रतियोगिता में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** कार्यक्रम के दौरान छात्रों के साथ शिक्षक।

अंबाला छावनी स्थित केंद्रीय विद्यालय नंबर 4 में पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत एकल गायन प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गायन प्रतियोगिता देशभक्ति गीतों पर आधारित थी जिसमें सभी सदनों के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।इस प्रतियोगता में शिवाजी सदन से शिवांगी कक्षा आठवीं ब" ने प्रथम व शिवाजी सदन से ही आभा नौवीं-ब" द्वितीय और दीक्षा बाहरवीं-ब"ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।इस कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के सदस्यों सुरेश शर्मा, अर्श मारवाह,अशोक कक्कड़, रीमा मारवाह ने शिरकत की।

विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्होंने गुरु वंदन व छात्र अभिनंदन गतिविधि का आयोजन भी किया। उन्होंने इस कार्यक्रम में "भारत को जानो और भारतीय संस्कृति, हमारे नैतिक मूल्य,स्वदेश प्रेम"आदि ज्ञानवर्धक विषयों पर विद्यार्थियों के साथ विचार सांझा किए ।उन्होंने विद्यालय खेल प्रभारी लावनीश शर्मा को व विद्यालय के दो होनहार विद्यार्थियों "इशिता और धीरेन"को भी सम्मानित किया।

प्राचार्य अमन गुप्ता ने बताया की भागमभाग भरी जिंदगी में जहां नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों का बहुत पतन हो रहा है ऐसे में भारत विकास परिषद जैसे सामाजिक संगठनों की वजह से ही हमारे युवाओं और विद्यार्थियों को नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों की सही जानकारी मिलती है। इन संगठनों के अथक प्रयासों के फलस्वरूप देश एकता के सूत्र में बंधा हुआ है।